UNIVERSITY NEWS 07 MAY 2026

TIMES OF INDIA

Cyber protection app for women

A Lucknow University (LU) professor has launched a mobile app 'Stri Saksham', to promote digital and cyber awareness among women. Developed by Prof Roli Misra of economics department, along with Prof Nishtha Hooda of IIT-Una, the project was funded by Indian council of social science research. The app aims to enhance digital literacy, cyber safety awareness and safe internet usage among women. "The project also include a comparative study across Himachal Pradesh and Uttar Pradesh, focusing on women's access to and use of digital tools," said Prof Misra. TNN

AMRIT VICHAR

लविवि : परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 10 कॉलेज शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

• नवयुग, नारी, खुन खुन जी बीएसएनवी और कालीचरण पीजी समेत कई कॉलेज जुड़े

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 10 वित्तपोषित, अल्पसंख्यक कॉलेज शामिल हैं। जिसकी जानकारी पीजी पाठ्यक्रमों के लिए जारी ब्रोशर में पाठ्यक्रमवार दी गई है। इससे जिन विद्यार्थियों को एलयू में दाखिला नहीं मिलेगा, उन्हें सीधे कॉलेजों में प्रवेश का मौका मिल सकेगा।

प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि विवि की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था से नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में एमए हिन्दी, नवयुग कन्या महाविद्यालय में एमए अर्थशास्त्र व एमकॉम, लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में बीपीएड रेगुलर फिजिकल एजुकेशन, बीएसएनवीपीजी कॉलेज में एमए हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमएससी भूगर्भ विज्ञान, रसायन विज्ञान, जूलॉजी, गणित, भौतिक विज्ञान व एमकॉम कॉमर्स में प्रवेश का मौका मिलेगा। इसी तरह कालीचरण पीजी कॉलेज में एमए समाजशास्त्र, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, शिक्षाशास्त्र, एमकॉम कॉमर्स व अप्लाइड, खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एमए शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, हिन्दी व राजनीति विज्ञान, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में एमए हिन्दी व समाजशास्त्र, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज में एमए अंग्रेजी और अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एमए सेल्फ फाइनेंस अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, भूगोल व शिक्षाशास्त्र कोर्स में एडमिशन का अवसर प्राप्त होगा।

बीटेक, बीफार्मा, एमबीए समेत छह पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के छह पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षा सेक्शन में देख सकते हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीटेक व बीफार्मा चतुर्थ, छठे व आठवें सेमेस्टर, बीसीए चतुर्थ व छठे सेमेस्टर, एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग, एमबीए लुम्बा और एमटेक पार्ट टाइम चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित हुआ है।

एलएलबी के नतीजे जारी

- एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर का नतीजा जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर लॉगिन सेक्शन में उपलब्ध समर्थ स्टूडेंट्स लॉगिन पर जाकर देख सकते हैं।

प्रवक्ता परीक्षा को लेकर सेंटर बदला

- परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि नौ मई को मुमताज पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से प्रवक्ता परीक्षा आयोजित होनी है। जिसे लेकर परीक्षा केंद्र में बदलाव किया गया है। अब नौ मई को प्रातः और सायं पाली की सभी परीक्षाएं मुमताज कॉलेज की बजाय एलयू मुख्य परिसर में पूर्व निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार होंगी।

AMAR UJALA

पीजी में अब ज्यादा छात्रों को मौका

लखनऊ विवि की केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े 10 वित्तपोषित व अल्पसंख्यक कॉलेज

माई सिटी रिपोर्टर

नवयुग, खुनखुनजी, कालीचरण आदि कॉलेजों में ले सकेंगे प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 के लिए परास्नातक (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया को और आसान बना दिया है। इस बार विश्वविद्यालय की केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से 10 वित्तपोषित और अल्पसंख्यक कॉलेजों को जोड़ा गया है।

इस व्यवस्था से उन विद्यार्थियों को फायदा होगा, जिन्हें मुख्य परिसर में प्रवेश नहीं मिल पाता। अब वे सीधे संबद्ध कॉलेजों में सीट पा सकेंगे। कॉलेजों और पाठ्यक्रमों की जानकारी लविवि के ब्रोशर में विस्तार से दी गई है।

लविवि के प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव के अनुसार, नारी शिक्षा निकेतन में एमए हिंदी, नवयुग कन्या महाविद्यालय में एमए अर्थशास्त्र और एमकॉम, जबकि बीएसएनवी पीजी कॉलेज में हिंदी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र समेत कई विषयों में प्रवेश मिलेगा। कालीचरण पीजी कॉलेज में हिंदी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षाशास्त्र और कॉमर्स के पाठ्यक्रम उपलब्ध रहेंगे।

इसके अलावा खुनखुनजी गर्ल्स कॉलेज, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज, करामत हुसैन कॉलेज और अवध गर्ल्स कॉलेज में भी विभिन्न विषयों में दाखिले का मौका मिलेगा।

लविवि से ई एमबीए के लिए आवेदन शुरू

माई सिटी रिपोर्टर

30 सीटों पर साक्षात्कार के आधार पर लिए जाएंगे दाखिले

नौकरी करने वालों के साथ उद्यमी भी कर सकते हैं आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया के तहत एग्जीक्यूटिव एमबीए (ई एमबीए) पाठ्यक्रम के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। यह कोर्स खासतौर पर नौकरीशुदा पेशेवरों और उद्यमियों के लिए तैयार किया गया है। कुल 30 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे और चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर होगा।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रबंध अध्ययन संकाय के प्रबंधन विभाग में यह कार्यक्रम सत्र 2024-25 से संचालित हो रहा है। इसका उद्देश्य कामकाजी लोगों को अपनी नौकरी के साथ प्रबंधन शिक्षा हासिल करने का अवसर देना है, ताकि वे अपने कॅरिअर और व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें।

- **पांच प्रमुख स्ट्रीम में कर सकेंगे एमबीए :** ई-एमबीए पाठ्यक्रम में पांच प्रमुख स्ट्रीम-कोर कोर्स, मार्केटिंग, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स और इंटरनेशनल बिजनेस शामिल हैं।
- **प्रति सेमेस्टर फीस निर्धारित :** फीस संरचना भी तय कर दी गई है। प्रति सेमेस्टर 99,080 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। कक्षाएं ब्लेंडेड मोड में होंगी, यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पढ़ाई कराई जाएगी।

AMAR UJALA

महिलाओं के लिए स्त्री सक्षम एप लॉन्च

लखनऊ। महिलाओं में डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा की समझ बढ़ाने के लिए स्त्री सक्षम मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। आईसीएसएसआर (नई दिल्ली) द्वारा प्रायोजित इस एप की शोध परियोजना की जिम्मेदारी लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. रोली मिश्रा और आईआईआईटी ऊना (हिमाचल प्रदेश) की डॉ. निष्ठा हूडा को सौंपी गई है। एप का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर सुरक्षा और डिजिटल तकनीक की जानकारी देना है।

परियोजना के तहत लखनऊ, कानपुर, नोएडा, शिमला, हमीरपुर व ऊना जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के बीच डिजिटल तकनीक की पहुंच और उपयोग का तुलनात्मक अध्ययन किया जाएगा। इसके लिए शहरी व ग्रामीण इलाकों की महिलाओं पर सर्वे किया जाएगा। शोध में पारिवारिक सहयोग, शिक्षा, आर्थिक स्थिति और सामाजिक मान्यताओं जैसे पहलुओं का आधुनिक तकनीकों से विश्लेषण होगा। साथ ही स्थानीय भाषाओं में डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा के प्रशिक्षण मॉड्यूल भी तैयार किए जाएंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT

बीटेक, बीफार्मा और एमबीए का परीक्षा कार्यक्रम जारी

NBT न्यूज, लखनऊ : एलयू में शैक्षिक सत्र 2026-27 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के छह पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कार्यक्रम को वेबसाइट पर देख सकते हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीटेक व बीफार्मा चतुर्थ, छठे व आठवें सेमेस्टर, बीसीए चतुर्थ व छठे सेमेस्टर, एमबीए फाइनांस ऐंड अकाउंटिंग, एमबीए लुंबा और एमटेक पार्ट टाइम चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित हुआ है। वहीं, एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर का नतीजा जारी कर दिया गया है।

LU की वेबसाइट पर देखा जा सकता है कार्यक्रम

प्रवक्ता परीक्षा को लेकर सेंटर बदला : परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि नौ मई को मुमताज पीजी कॉलेज में होने वाली उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की प्रवक्ता परीक्षा अब नौ मई को सुबह और सायं पाली में एलयू मुख्य परिसर में पूर्व निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार होगी।

AMRIT VICHAR

नौकरीशुदा व्यक्तियों का ई-एमबीए में आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

• व्यक्तिगत साक्षात्कार के जरिए दिया जाएगा दाखिला

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 प्रवेश प्रक्रिया के तहत एग्जीक्यूटिव एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की शुरूआत हो गई है। नौकरीशुदा व्यक्तियों और उद्यमियों के लिए शुरू हुए ई-एमबीए कोर्स की कुल 30 सीटों पर आवेदन मांगे गए हैं। इन सभी का प्रवेश साक्षात्कार के जरिए लिया जाएगा। इसमें कई सरकारी अधिकारियों से लेकर निजी क्षेत्र की कई बड़ी कंपनियों में कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए आवेदन का सुनहरा अवसर होगा।

प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि एलयू के प्रबंध अध्ययन संकाय के प्रबंध विभाग में सत्र 2024-25 से ई-एमबीए कार्यक्रम को आरंभ किया गया था। यह कोर्स विशेष रूप से कामकाजी पेशेवरों और उद्यमियों के लिए डिजाइन किया गया है। जिससे वह अपने बिजनेस और करियर को आगे बढ़ा सकें। प्रवक्ता के अनुसार, ई-एमबीए पाठ्यक्रम को पांच स्ट्रीम कोर कोर्स, मार्केटिंग, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स और इंटरनेशनल बिजनेस में शुरू किया गया है।

NBT

एलयू की पीजी प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) ने सत्र 2026-27 के लिए पीजी कोर्सेज का ब्रोशर जारी कर दिया है। विवि की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था में 10 वित्तपोषित और अल्पसंख्यक कॉलेजो को भी शामिल किया गया है। एलयू के प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि अगर किसी विद्यार्थी को एलयू मेन कैंपस में दाखिला नही मिल पाता है, तो उन्हें सीधे इन कॉलेजों में प्रवेश का अवसर मिलेगा।

कैंपस नही, तो इन 10 कॉलेजो मे मिलेगा सीधा मौका

DAINIK JAGRAN

लवि : बीटेक, बीसीए सहित पांच कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार शाम को बी.टेक सहित विभिन्न कोर्सों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। बी.टेक चौथे सेमेस्टर एनईपी की परीक्षाएं 14 मई से तीन जून, इसके ओल्ड कोर्स चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 14 मई से एक जून, बी.टेक छठे सेमेस्टर एनईपी की परीक्षाएं 15 मई से दो जून, इसके ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 15 से 25 मई तक, बी.टेक आठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 22 मई तक होंगी। इसी तरह एम.टेक चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 22 मई तक होंगी। बीसीए चौथे सेमेस्टर एनईपी की परीक्षाएं 16 से 29 मई, इसके ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 16 से 29 मई और बीसीए छठे सेमेस्टर एनईपी रेगुलर की परीक्षाएं 15 से 26 मई तक आयोजित की जाएंगी। इसी तरह बीफार्म चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 29 मई, छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 मई से एक जून और आठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 29 मई तक होंगी। एमबीए फाइनेंस एंड एकाउंटिंग चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 22 मई, एमबीए लुंबा चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 14 से शुरू होंगी। वि.

HINDUSTAN

एलयूः छह कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के छह पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षा सेक्शन में देख सकते हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीटेक व बीफार्मा चतुर्थ, छठे व आठवें सेमेस्टर, बीसीए चतुर्थ व छठे सेमेस्टर, एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग, एमबीए लुम्बा और एमटेक पार्ट टाइम चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित हुआ है।

बीएससी योगा चतुर्थ व छठे सेमेस्टर का कार्यक्रम जारीः चार अन्य पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी एलयू की वेबसाइट पर जाकर परीक्षा सेक्शन में देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीए या बीएससी योगा चतुर्थ व छठे सेमेस्टर, एमए या एमएससी योगा चतुर्थ सेमेस्टर, एमपीएच चतुर्थ और एमबीए आईएमएस चतुर्थ सेमेस्टर का शेड्यूल घोषित किया गया है।

एलएलबी के नतीजे जारीः विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर का नतीजा जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी एलयू की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

पीजी प्रवेश प्रक्रिया में 10 कॉलेज शामिल

लखनऊ विश्वविद्यालय में केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 10 वित्तपोषित, अल्पसंख्यक कॉलेज शामिल हैं। जिसकी जानकारी पीजी पाठ्यक्रमों के लिए जारी ब्रोशर में पाठ्यक्रमवार दी गई है। इससे जिन विद्यार्थियों को एलयू में दाखिला नहीं मिलेगा, उन्हें सीधे कॉलेजों में प्रवेश का मौका मिल सकेगा। प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि विवि की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था से नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में एमए हिन्दी, नवयुग कन्या महाविद्यालय में एमए अर्थशास्त्र व एमकॉम समेत अन्य जगहों पर प्रवेश का अवसर मिलेगा।

नौकरीशुदा व्यक्तियों के ई-एमबीए में आवेदन शुरू

मौका

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के तहत एग्जीक्यूटिव एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की शुरूआत हो गई है। नौकरीशुदा व्यक्तियों और उद्यमियों के लिए शुरू हुए ई-एमबीए कोर्स की कुल 30 सीटों पर आवेदन मांगे गए हैं। इन सभी का प्रवेश साक्षात्कार के जरिए लिया जाएगा। इसमें कई सरकारी अधिकारियों से लेकर निजी क्षेत्र की कई बड़ी कंपनियों में कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए पांच जून तक आवेदन का अवसर होगा।

पाठ्यक्रम की फीस तय

प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव के मुताबिक ई-एमबीए पाठ्यक्रम के लिए प्रति सेमेस्टर फीस 99,080 रूपये तय की गई है। पाठ्यक्रम की कक्षाएं ब्लेंडेड यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संचालित की जाएंगी।

प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि एलयू के प्रबंध अध्ययन संकाय के प्रबंध विभाग में सत्र 2024-25 से ई-एमबीए कार्यक्रम को आरंभ किया गया था। यह कोर्स विशेष रूप से कामकाजी पेशेवरों और उद्यमियों के लिए डिजाइन किया गया है।

DAINIK JAGRAN

'स्त्री सक्षम' मोबाइल एप करेगा डिजिटल फ्राड से जागरूक

जासं• लखनऊ : महिलाओं को डिजिटल और साइबर फ्राड से बचाने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को गूगल प्ले स्टोर पर 'स्त्री सक्षम' मोबाइल एप लांच किया गया।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएसएसआर) ने इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर रोली मिश्रा और हिमाचल प्रदेश के इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंफार्मेशन टेक्नोलाजी (ट्रिपल आइटी) उना की डा. निष्ठा हूडा को संयुक्त रूप से 13 लाख रुपये का प्रोजेक्ट दिया गया, जिसके क्रम में ट्रिपल आइटी उना ने यह एप बनाया है। इस एप के माध्यम से उप्र व हिमाचल प्रदेश के तीन-तीन जिलों में महिलाओं को जागरूक किया जाएगा।

होगा जिलों में सर्वे

उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से दो प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की 18 से 60 वर्ष की महिलाओं के बीच प्रश्नावली आधारित सर्वे कर उनसे डिजिटल और साइबर सुरक्षा से संबंधित सवाल भी पूछे जाएंगे। इसके लिए हिमाचल के उना, हमीरपुर, शिमला और उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर नगर और नोएडा को चुना गया है। जून तक इसे पूरा करना है।

विस्तृत समाचार के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

AMAR UJALA

चार पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के चार पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम बुधवार को जारी कर दिया गया है। इसे लविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा सेक्शन में देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीए या बीएससी योगा के चौथे और छठे सेमेस्टर, एमए या एमएससी योगा चौथे सेमेस्टर, एमपीएच चौथे और एमबीए आईएमएस चौथे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN

प्रवक्ता परीक्षा को लेकर सेंटर बदला गया

लखनऊ। एलयू में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि नौ मई को मुमताज पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से प्रवक्ता परीक्षा आयोजित होनी है। जिसे लेकर परीक्षा केंद्र में बदलाव किया गया है। अब नौ मई को प्रातः और सायं पाली की सभी परीक्षाएं मुमताज कॉलेज की बजाय एलयू मुख्य परिसर में पूर्व निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम से होंगी।